तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025



4 आंबा केंद्रों में बिजली, खेल सामग्री व अन्य मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर






## खबर संक्षेप

### अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जूटमिल पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में ग्राम भाठनपाली में दबिश देकर दो व्यक्तियों को हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भाठनपाली निवासी समीर सारथी और पौलुस चौहान गांव के फटहामुडा मंदिर के सामने शराब बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जूटमिल पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम समीर सारथी पिता भोगीलाल सारथी उम्र 30 वर्ष निवासी भाठनपाली सारथी मोहल्ला तथा पौलुस चौहान पिता टियोफील चौहान उम्र 60 वर्ष, निवासी भाठनपाली चौहान मोहल्ला बताया। दोनों आरोपियों के पास से 20 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बे में करीब 10 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब बरामद की गईए जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1500 रुपए है। बरामद शराब को गवाहों के समक्ष मौके पर ही सीलबंद कर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया।

### 327 रोगियों का हुआ उपचार



**रायगढ़।** जिला अधिकारी डॉ गौराहा के आदेशनुसार डॉ अजय नायक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बुनगा द्वारा गांव गांव शिविर लगाकर लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिविरो के जरिए जरूरत मंद ग्रामीण मरीजों का इलाज कर मुफ्त दवाईया दी जा रही है। परामर्श के साथ साथ आवश्यक परहेज पर भी जोर दिया जा रहा है। मौसम के अनुसार खान पान आहार विहार दिनचर्या योगा आसान इत्यादि के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जुलाई महीने में रनभाटा में 41, जिलाडी मे 34, बारडोली में 94, बोदा में 61, चनघोरी में 97 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिला। इन शिविरो में मरीजों को निःशुल्क दी जाने वाली आर्युवेद दवाएं गुणवत्ता युक्त, शास्त्रोक्त एवम पेटेंट औषधिया है। डॉ अजय नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बुनगा में प्रति माह जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, औषधीय पौधों की जानकारी, मितानीन प्रशिक्षण, नियमित योगाभ्यास सत्र, एनसीडी स्क्रीनिंग एवम अन्य गतिविधी का आयोजन किया जा रहा है।

### खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाया जाएगा अभियान

**रायगढ़।** जिले में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु शासन के निर्देशानुसार बने खाबो बने रहिबो अभियान चलाया जाएगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के तहत होटल, मिठाई दुकान, दूध विक्रेताओं एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में गुणवत्ता की जांच की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर खाद्य सुरक्षा मुहैया कराना है। इसे लेकर विभाग द्वारा शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 04 से 06 अगस्त तक व्यापक स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएंगे, उनके निर्माण, भंडारण, उपयोग की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं लेबलिंग की गहन जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा खाद्य रंगो की जांच, खाद्य पदार्थ परोसने में अखबारी कागज का प्रयोग नहीं करने का निर्देश, खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग मैटेरियल, उपयोग किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता एवं जांच, तेल की गुणवत्ता, कच्ची सामग्री के रूप में एफएसएसएआई मार्क वाले खाद्य पदार्थ का उपयोग आदि की जांच की जाएगी।

### अतिथि व्याख्याताओं के भरोसे चल रहा कॉलेज, अधूरे सेटअप की वजह से छात्र बना रहे दूरी

# आत्मानंद कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 12 पद, एक की भी नहीं हुई भर्ती..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 12 पद स्वीकृत होने के बाद भी शुरुआत से ही ये पद खाली हैं। इन पदों में शासन की ओर से अब तक एक भी असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं की जा सकी है। जिससे अब तक यह कॉलेज अतिथि व्याख्याताओं के भरोसे ही चलते आ रहा है। अधूरे सेटअप की वजह से छात्र इस कॉलेज से दूरी बनाते हुए एडमिशन लेने में कतरा रहे हैं।

दरअसल रायगढ़ में आत्मानंद कॉलेज खुले दो साल पूरे हो गए हैं। अब कुछ ही दिनों में इस कॉलेज का तीसरा सत्र शुरू होने वाला है। प्रदेश के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आनन-फानन में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की तर्ज पर रायगढ़ में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज तो खोल दिया, लेकिन तब से लेकर आज तक यहां का सेटअप पूरा नहीं हो पाया है। इस कॉलेज में बीए, बीएससी सीए, बीकॉम, बीएएसी मैथ्स मिला कर कुल 12 विषय हैं। जबकि इस कॉलेज में 12 विषयों के लिए 12 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद भी स्वीकृत हैं, लेकिन तीसरा सत्र शुरू होने वाला और आज पर्यंत तक यहां शासन की तरफ से एक भी असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं की जा सकी है। चूंकि कॉलेज को तो चलाना ही पड़ेगा, इसलिए यहां के बच्चों को पढ़ाने के लिए अतिथि व्याख्याताओं का सहारा लिया जा रहा है।

वर्तमान में इस कॉलेज में 5 अतिथि व्याख्याता हैं जो नेट क्वालीफाई हैं। बाकी अतिथि व्याख्याता दूसरा सत्र पूरा होने के बाद कॉलेज छोड़ कर चले गए हैं, क्योंकि उनका कार्यकाल एक साल का था। अब यहां नए अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती होनी है। इसके अलावा यहां दो असिस्टेंट प्रोफेसर हैं जोकि अटैचमेंट में हैं। ये दोनों दूसरे महाविद्यालय के हैं, यहां सहयोग के लिए रखे गए हैं। इन्हीं कारणों से बीते दो सालों से छात्र यहां एडमिशन लेने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं और हर साल आधे से ज्यादा सीट खाली रह जा रहे हैं।



**आत्मानंद कॉलेज में सीट और एडमिशन की स्थिति**

| विषय | सीट | एडमिशन |
|---|---|---|
| बीए | 90 | 09 |
| बीएससी मैथ्स | 120 | 11 |
| बीकॉम | 60 | 26 |
| टोटल | 270 | 46 |

**एडमिशन की तारीख बढ़ी फिर भी नहीं रूचि**

फस्ट ईयर में एडमिशन की अंतिम तारीख 31 जुलाई था, जिसे शासन ने बढ़ाते हुए 14 अगस्त कर दिया है। इसके बाद भी अब तक इस कॉलेज में 17 प्रतिशत ही एडमिशन हो सका है। जिससे पता चलता है कि छात्र इस कॉलेज में एडमिशन लेना नहीं चाह रहे हैं। शहर के कुछ छात्रों ने बताया कि यहां किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। यहां सभी विषय के प्रोफेसर, खेल मैदान, कैंटीन व लाइब्रेरी नहीं है। ऐसे में अपना साल बर्बाद करने के लिए कौन यहां एडमिशन लेकर फंसेगा।

**बिना अतिथि व्याख्याताओं के शुरू होगी क्लास**

तीसरे सत्र की पढ़ाई सोमवार से शुरू होनी है, लेकिन बिना अतिथि व्याख्याताओं के पढ़ाई कैसे होगी इस बात की चिंता छात्रों को सता रही है। दरअसल 5 नेट क्वालीफाई अतिथि व्याख्याताओं को छोड़कर यहां इंग्लिश, कैमेस्ट्री, फिजिक्स, कॉमर्स व पॉलिटिकल साइंस जैसे अहम विषयों के अतिथि व्याख्याताओं का पोस्ट खाली है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा इन पदों में भर्ती के लिए 26 जुलाई को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसका अंतिम दिन 2 अगस्त शनिवार था। प्राचार्य के पास इन पदों के लिए करीब 150 आवेदन आए हैं, जिनकी सूची तैयार कर उसे शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद शासन द्वारा संबंधित आवेदकों को रायपुर बुलाकर उनका इंटरव्यू लिया जाएगा, तब जाकर इन पदों पर भर्ती हो सकेगी, इसके लिए लंबा समय लगेगा। तब तक छात्र इन विषयों को कैसे पढ़ेंगे इसकी चिंता उन्हें सता रही है।

**इनका भी पोस्ट अब तक खाली**

आत्मानंद कॉलेज में प्यून के 10 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में यहां एक प्यून ही कार्यरत है। इसके अलावा यहां लैब टैक्निशियन के 5 पद हैं, जिनमें सिर्फ दो की ही भर्ती हो पाई है। इसी तरह यहां लाइब्रेरियन, स्पोर्ट टीचर के भी पद खाली हैं।

आत्मानंद कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 12 पद स्वीकृत हैं, लेकिन दूसरा सत्र पूरा होने के बाद भी अब तक शासन की ओर से एक भी असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं की जा सकी है। इसके अलावा भी यहां का सेटअप अधूरा है। अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए आवेदन आए हैं, जिनकी सूची तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

**सीसी मिश्रा**
प्राचार्य, आत्मानंद कॉलेज, रायगढ़।

### आधी बांह के कपड़े पहन कर प्रयोगशाला सहायक परीक्षा में होगा पहुंचना

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाइट में 3 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले प्रयोगशाला सहायक परीक्षा का प्रवेश पत्र अपलोड किया जा चुका है। व्यापम की यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक निर्धारित है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 09 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इसमें 3358 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वेबसाइट व्यापमसीजी डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी फ्रिस्किंग किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिस्किंग कार्य किया जाना है। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाना है। व्यापम के निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। पैर में चप्पल पहन कर जाएं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## रोशनी फाउंडेशन के संचालक को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बहुचर्चित रोशनी फाउंडेशन ठगी के प्रकरण में अदालत ने फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी नारायण दास मानिकपुरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 1.80 करोड़ के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

यह निर्णय उन सैकड़ों पीड़ित निवेशकों के पक्ष में है, जिनसे करोड़ों रुपए यह कहकर वसूला गया था कि उन्हें प्रतिमाह 30 प्रतिशत का रिटर्न और एक वर्ष पश्चात संपूर्ण मूलधन लौटाया जाएगा। दरअसल 27 जनवरी 2024 को अर्जुनलाल जांगड़े सहित लगभग 27 पीड़ितों द्वारा थाना सरसींवा में शिकायत की गई थी कि सेमरिया गांव में नारायण मानिकपुरी ने रोशनी फाउंडेशन के नाम से एक निवेश योजना चलाया। जिसमें लोगों को चेक और नकद के माध्यम से धन निवेश के लिए प्रेरित किया गया। समय सीमा पूरी होने के बाद भी कोई भुगतान नहीं हुआ तब निवेशकों को ठगी का ऐहसास हुआ। पुलिस की विवेचना के दौरान यह सामने आया कि लगभग 250 लोगों से 9 करोड़ 28 लाख 5 हजार रुपए की ठगी की गई थी। उक्त समय के थाना प्रभारी सरसींवा, वर्तमान कनकबीरा चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक टीकाराम खटकर द्वारा की गई गहन और सटीक विवेचना में यह स्पष्ट रूप से स्थापित किया गया कि यह एक पूर्वनियोजित, योजनाबद्ध और संगठित आर्थिक अपराध था, जिसमें मुख्य आरोपी के साथ-साथ अन्य सहयोगियों की भी सक्रिय भूमिका रही। कोर्ट ने मामले की गंभीरता, निवेशकों की आर्थिक क्षति तथा आरोपी की आपराधिक मानसिकता को ध्यान में रखते हुए यह कठोर दंड सुनाया है। मुख्य आरोपी नारायण मानिकपुरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

**खास बात**

- आरोपी पर 9.28 करोड़ की ठगी का है आरोप

## सड़क किनारे बोर्ड से टकराई कार अडानी कंपनी के डीजीएम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के ढिमरापुर जिंदल रोड में सफेद रंग की एक कार सड़क किनारे बोर्ड से जा टकराई। जिससे कार में सवार अडानी कंपनी के डीजीएम की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बनारस के रहने वाले थे। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

दरअसल शुक्रवार की रात करीब 1 बजे ढिमरापुर के जिंदल रोड स्थित मोड़ के पास कार अचानक अनंयित्रत होकर रोड किनारे जा टकराई। इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, साथ ही कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। तब रात्रि गश्त पर निकली कोतरारोड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हो जिंदल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के बनारस निवासी सत्यनारायण सिंह पिता मृत्युंजय सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सत्यनारायण सिंह ग्राम बड़े भंडार स्थित अडानी कंपनी में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस जांच में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें डीजीएम की कार ढिमरापुर के जिंदल रोड में बोर्ड से टकराते हुए दिख रही है। बहरहाल यह हादसा कैसे हुआ इसकी सच्चाई जानने के लिए कोतरा रोड पुलिस मर्ग कायम करते हुए तहकीकात कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

**खास बात**

- कोतरारोड थाना क्षेत्र का मामला, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस



## कोल डिपो में ट्रेलर चालक की मौत के बाद सुपरवाइजर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भूपदेवपुर स्थित खाटू श्याम कोल डिपो में 28 मई को कोयला के मलबे में दबकर ट्रेलर चालक की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच में पुलिस ने डिपो के सुपरवाईजर व लोडर चालक की लापरवाही पाई है। वहीं मर्ग जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार झारखण्ड के गढ़वा जिला अंतर्गत ग्राम दुबे मरहतीया निवासी फूलचंद कुमार उरांव पिता स्व नारायण उरांव पेशे से ट्रेलर चालक था। फूलचंद वर्तमान में रायगढ़ में रहकर ट्रेलर चलाने का काम कर रहा था। बीते 28 मई की रात को वह भूपदेवपुर थानांतर्गत नलवा साईडिंग के पास उच्च भिठ्ठी में स्थित खाटूश्याम कोलडिपो में कोयला लोड करने के लिए ट्रेलर लेकर गया था। डिपो में लोडर से वाहन को लोडकर दिया गया था, लेकिन वाहन वही खड़ी रहने व वाहन चालक फूलचंद के नहीं रहने पर उसकी आसपास साईडिंग एरिया में पतासाजी की गई तथा उसके नहीं मिलने से ट्रेलर को खाली करा रहे थे तभी उक्त ट्रेलर में नीचे कोयला से दबा हुआ फूलचंद मृत अवस्था में मिला। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था।

वहीं पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि ट्रेलर चालक फूलचंद तडक़े 4 बजे यार्ड में वाहन को खड़ी करते हुए डाला में चढक़र देख रहा था तभी लोडर वाहन के चालक विनोद सिंह लापरवाही पूर्वक लोडर चलाते हुए कोयला लोड कर दिया। जिससे कोयले के मलबे में दबने से फूलचंद की मौत हो गई थी। वहीं कोल डिपो का सुपरवाईजर महेश कुमार चौहान के देखरेख में शिथिलता बरतने व लापरवाही के कारण यह दुर्घटना घटित होना पाया गया। इस पर पुलिस ने लोडर चालक विनोद सिंह एवं डिपो के सुपरवाईजर महेश कुमार चौहान के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### कोटवार मीटिंग और नागरिक सम्मान कार्यक्रम में सुरक्षा व सेवा भावना को मिला प्रोत्साहन

**रायगढ़।** थाना पुसौर एवं तमनार में ग्रामीण सुरक्षा और जन सहयोग को लेकर आयोजित कोटवार मीटिंग तथा नागरिक सम्मान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कोटवारों और सेवा क्षेत्र के कर्मियों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर थाना पुसौर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने ग्राम कोटवारों को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी और ग्राम सुरक्षा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि गांव की गतिविधियों पर सतत नजर रखनाए किसी भी घटना की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को देना और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना कोटवारों का दायित्व है। श्री मरकाम ने कोटवारों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसी कार्यक्रम में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, थाना प्रभारी पुसौर रामकिंकर यादव, उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर ने क्षेत्र में समाज के प्रेरणादायी सेवाभावी नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। प्राथमिक शाला सूरजगढ़ के शिक्षक सोमनाथ नंदे, स्टाफ नर्स केतकी यादव और एकता यादवए स्वच्छता साथी मनोहर सारथी, ग्राम कोटवार चिंतामणि चौहान झारमुड़ा व रोहित चौहान चिखली तथा नगर पंचायत के स्वच्छता साथी रंजीता सारथी और झाड़ू सारथी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


### बैठक में डीएसपी बनर्जी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## डायल 112 स्टाफ की डीएसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आपातकालीन सेवा डायल 112 को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक सुशांतो बनर्जी ने की, जिसमें डायल 112ध्रेडियो के प्रभारी उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, डायल 112 में पदस्थ आरक्षकों एवं वाहन चालकों की उपस्थिति रही। बैठक में डायल 112 स्टाफ को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समयबद्ध कार्यप्रणाली पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। उप पुलिस अधीक्षक बनर्जी ने सभी स्टाफ को निर्देशित किया कि वे अपनी ऑनलाइन उपस्थिति समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्यों की रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में के रूप में भेजें और ड्यूटी के दौरान पूर्ण रूप से अनुशासित वर्दी में रहें, जिससे सेवा की गरिमा बनी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डायल 112 का दायित्व केवल समय पर घटनास्थल पर पहुंचने तक सीमित नहींए बल्कि कॉलर की हर संभव सहायता करना प्राथमिक कर्तव्य है। बैठक के दौरान श्री बनर्जी ने डायल 112 स्टाफ के अब तक किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कई बार सीमित संसाधनों के बावजूद स्टाफ ने त्वरित प्रतिक्रिया देकर जनमानस का विश्वास जीता है। उन्होंने सभी कर्मियों को प्रेरित किया कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ नागरिकों को आपात स्थिति में सहयोग प्रदान करते रहें।



## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 7 तक

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित पूर्णतः आवासीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में कक्षा 9वीं में बालिका वर्ग की 02 सीटें अंग्रेजी माध्यम तथा कक्षा 11वीं में बालिका वर्ग की 7 सीटें अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम रिक्त हैं। इसी प्रकार एकलव्य विद्यालय घोलेंग के कक्षा 11वीं में अनुसूचित जनजाति के बालक हेतु 04 सीट रिक्त है, इन सीटों पर छत्तीसगढ़ में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालिकाओं से प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इन सीटों पर लेटरल एंट्री प्रवेश नीति 2025-26 के अनुसार पूर्णतः मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। जिसके अनुसार कक्षा 8वीं एवं कक्षा 10वीं के प्राप्तांक एवं विज्ञान एवं गणित विषयों के अंक जोड़कर मेरिट सूची बनायी जायेगी। एकलव्य विद्यालयों में पाठ्यक्रम संचालित है एवं विद्यालय में कक्षा 11वीं में गणित,जीव-विज्ञान एवं कला संकाय संचालित है। चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के नियमानुसार भोजन, आवास, पाठ्य सामग्री, गणवेश आदि समस्त सुविधायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2025 और चयन सूची के प्रकाशन की तिथि 11 अगस्त 2025 निर्धारित है। इस हेतु केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी कार्यालयीन समय में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना ओर घोलेंग में संपर्क कर सकते हैं।

### संबलपुर में युवक ने घर में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम संबलपुर में एक युवक ने पिता के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज होने से उदास होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली है।लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम संबलपुर निवासी 30 वर्षीय रितेश कुमार मिंज के पिता देवनारायण उरांव के खिलाफ कुछ दिन पूर्व उनकी चचेरी बहन द्वारा झगड़ा विवाद किये जाने का अपराध दर्ज कराया गया था,इसके बाद से ही युवक उदास रहता था, इस बीच शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दो म्यूल अकाउंट में आए साइबर ठगी के सवा करोड़ रुपए


**अंबिकापुर।** म्यूल अकाउंट को लेकर संभाग भर में चल रही कार्रवाई के बीच सूरजपुर जिले में बड़ा मामला सामने आया है। साइबर ठगी के माध्यम से दो बैंक खातों में सवा दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा की गई है। आरोपियों ने म्यूल अकाउंट बनाकर साइबर ठगों को प्रदान किया था। ऐसे में पुलिस अब अपराध दर्ज कर युवकों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच चल रही है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के निर्देश पर म्यूल अकाउंट की जांच की जा रही है और साइबर क्राइम के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच पुलिस मुख्यालय से सूरजपुर पुलिस को कुछ संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी प्रदान की गई थी। ऐसे में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस द्वारा बैंक खातों की जांच की गई। जांच के दौरान आईडीएफसी बैंक में डीएन चक्रधारी एजुकेशन डेवलपमेंट एसोसिएशन नामक संस्था के खाते में 72 लाख 76 हजार 413 रुपए जमा हुए है। उक्त खाता संस्था के डायरेक्टर बांसपारा निवासी देवरयान चक्रधारी व महेश कुमार के नाम पर है। वहीं दूसरा बैंक खाता जन सेवा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान संस्था के नाम पर है। उक्त खाते में 52 लाख 57 हजार रुपए जमा किए गए है। उक्त खाता नम्बर संस्था के ट्रस्टी गोलू नारायण चक्रधारी आ. पवन कुमार, देवनारायण चक्रधारी आ. पवन कुमार एवं महेश कुमार आ. जगदीश प्रसाद के नाम पर है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि देश के विभिन्न कोने में हुई साइबर ठगी में सुनियोजित तरीके से इन बैंक खातों का उपयोग किया गया। दोनों खातों में 1 करोड़ 25 लाख 33 हजार 413 रुपए साइबर ठगी के माध्यम से आए है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामले में 317(4),318 (2),61(2)(ए) के तहत अपराध दर्ज कर संदेहियों को हिरासत में लिया है।

## ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता

# पुलिस ने 31 दिन में 32 गुमशुदा बच्चों को तलाश कर लौटाई परिजनों की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर जिले भर में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान ने बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने 31 दिनों की मेहनत के बाद 32 गुमशुदा बच्चों को सकुशल ढूंढ निकाला है। इनमें 28 नाबालिग बालिकाएं व 4 बालक शामिल हैं। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस ने राज्य के भीतर व बाहर जाकर बच्चों को खोजा और उनके परिजनों को सौंपा। खोए हुए बच्चों के वापस लौटने से उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।




■ 28 नाबालिग बालिकाएं व 4 बालक सकुशल परिजनों को सौंपे गए

### प्रदेशों की सीमाएं लांघी, बच्चों को सकुशल घर लौटाया

जिन 11 बच्चों को जिले से बाहर से लाया गया है। जिसमें रायगढ़ से 4,मध्यप्रदेश से 1,गुजरात से 1,दिल्ली से 2,महाराष्ट्र व हिमाचल प्रदेश से 1-1, तथा उड़ीसा से 1 बालक शामिल हैं। इन सभी को पुलिस की विशेष टीम द्वारा स्थानीय संपर्क, तकनीकी सहायता और परिजनों की मदद से खोजा गया। शेष 21 बच्चों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से तलाश कर उनके परिजनों को सौंपा गया।

### 55 गुमशुदा बच्चों के मामलों में 32 की सफल वापसी

थानों में दर्ज कुल 55 गुम बच्चों के प्रकरणों में अब तक 32 बच्चों को सफलता पूर्वक दस्तयाब कर लिया गया है। पुलिस का अभियान अभी भी जारी है और शेष बच्चों को ढूंढने के प्रयास तेज़ी से जारी हैं। एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान सिर्फ एक अभियान नहीं, एक मानवीय प्रयास है। हमारे लिए हर बच्चा महत्वपूर्ण है। जब तक अंतिम बच्चा नहीं मिल जाता, हम प्रयास जारी रखेंगे। पुलिस संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

# गौ तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहा कुख्यात आरोपी मोजाहिद खान उर्फ शाहिद खान उर्फ रोजना मियां को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन शंखनाद के तहत की गई। जिले के थाना लोदाम क्षेत्र के ग्राम साईं टांगर टोली से वर्ष 2024 में 32 गौवंशों की तस्करी की कोशिश की गई थी, जिसमें मौके से पांच पिकअप और एक ऑल्टो वाहन जब्त किए गए थे। उस समय एक आरोपी जुनेद आलम गिरफ्तार हुआ था, जबकि मोजाहिद खान फरार हो गया था।



■ ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### मुखबिर की सूचना पर दबोचा

1 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी गांव आया है। इस पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी हर्षवर्धन चौरासे, सहायक उपनिरीक्षक सहबीर भगत, आरक्षक हेमंत कुजूर और सुभाष पैंकरा की प्रमुख भूमिका रही।

### वाहनों की राजसात से घबराए तस्कर

पुलिस अब तक 52 वाहनों को जब्त कर चुकी है, जिनमें से 24 को कलेक्टर द्वारा राजसात किया गया है। शेष 28 वाहनों की प्रक्रिया जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि वाहन राजसात होने से तस्करों में डर है। अब वे जंगल के पैदल रास्तों का उपयोग करने लगे हैं, लेकिन पुलिस का मुखबिरी तंत्र पूरी तरह सक्रिय है।

### अब तक 130 तस्कर जेल भेजे गए

पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाद के तहत 1200 से अधिक गौवंशों को मुक्त कराया है और 130 से ज्यादा तस्करों को जेल भेजा गया है। एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि जिले में गौ तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस की सख्ती से तस्करों की गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा है।

## प्रेमचंद जयंती पर 'कफन' की गूंज



कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार।

**जशपुरनगर।** साहित्य जगत के यथार्थवादी पुरोधा मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर नगर में एक ऐसा आयोजन हुआ, जिसने साहित्य को केवल शब्दों तक नहीं संवेदना और चेतना तक पहुंचा दिया। प्रगतिशील लेखक संघ कुनकुरी इकाई द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'कफन' के सजीव वाचन, शोध संवाद और क्विज प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के 7 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों की 150 से अधिक सहभागिता रही। कार्यक्रम की सबसे सशक्त प्रस्तुति रही — 'कफन' का सजीव वाचन जिसे डाइट की उप प्राचार्य श्रीमती सरोज संगीता भोय ने अपने प्रभावशाली और भावनात्मक स्वर में प्रस्तुत किया। उनके वाचन ने घीसू और माधव जैसे पात्रों को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों की आंखें नम थीं और मन में कई प्रश्न जाग उठे। कार्यक्रम में आयोजित क्विज प्रतियोगिता ने प्रेमचंद के जीवन, रचनाओं और विचारों पर विद्यार्थियों की गहरी समझ को सामने लाया। हिंदी माध्यम विद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी माध्यम और कन्या विद्यालय ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। शोध संवाद सत्र में डॉ.राजीव रंजन तिग्गा और डॉ.रविकांत भगत ने प्रेमचंद साहित्य में ग्रामीण यथार्थ, वर्ग-संघर्ष और मानवीय संवेदना जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। उनका कहना था कि प्रेमचंद का साहित्य केवल पढ़ने के लिए नहीं, जीने और सोचने के लिए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कुसुम माधुरी टोप्पो, संयोजन मुकेश कुमार और तकनीकी संचालन राजेन्द्र प्रेमी ने किया।

## प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों का उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन, नेतृत्व क्षमता एवं उपचारात्मक शिक्षण विषय पर प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों का प्रशिक्षण संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित किया गया।

■ संकल्प के प्राचार्य ने लिया विशेष सत्र

डीईओ पीके भटनागर के निर्देश पर आयोजित इस उन्मुखीकरण में पहले दिन दुलदुला और फरसाबहार विकासखंड और दूसरे दिन कांसाबेल विकासखंड के प्रधान पाठकों ने हिस्सा लिया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा प्रधान पाठकों को पूरे मन और पूरी क्षमता से कार्य करने के साथ कर्तव्य बोध के लिए विशेष मोटिवेशनल सत्र लिया गया। उन्होंने मनोवैज्ञानिक सिद्धांत समझाते हुए कहा कि मनुष्य की आवश्यकताएं अनंत होती हैं, परंतु उसकी वास्तविक आवश्यकता मानसिक संतोष और खुशी है, अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर छात्रों के भविष्य के लिए कार्य करना इसी श्रेणी में आता है । उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शासकीय विद्यालयों से पालकों के विश्वास को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रधान पाठकों को विद्यालय में बेहतर कार्य कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय ने यशस्वी जशपुर कार्यक्रम की गतिविधियां, प्रदेश में जशपुर का शिक्षा में स्थान के साथ प्रशिक्षण की अपेक्षाओं के विषय में बताया और बेसलाइन,विनोवा पर प्रतिदिन की उपस्थिति, नवोदय विद्यालय प्रवेश की तैयारी समय -सीमा में करने की जानकारी दी। विनोवा एप का उपयोग कैसे करें, यह जानकारी देने के लिए ओपन लिंक फाउंडेशन से सोमनाथ साहू उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के चयनित मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्राथमिक खंड के विषयों पर सत्र लिए गए।



उन्मुखीकरण में भाग लेते प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक।

## नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** आबकारी उड़नदस्ता टीम की नशे के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई में टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने धौरपुर अंतर्गत डूमरडीह के दो आरोपियों से भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन कफ सिरप एवं टैबलेट जब्त किया।

टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में धौरपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना धौरपुर अंतर्गत अजमल खान एवं बसंत ठाकुर द्वारा बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन, कफ सिरप एवं टैबलेट की बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर आबकारी उड़न दस्ता टीम ने अजमल खान एवं बसंत ठाकुर के घर दबिश दी। टीम अजमल खान के घर की तलाश में सोफे के अंदर से छिपा कर रखे गए 57 नग कफ सिरप बरामद की गई।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 20 वीं किस्त के तहत देशभर के किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का डिजिटल माध्यम से स्थानांतरण किया। इस अवसर पर जशपुर जिले के 73,555 किसानों के खाते में कुल 15.91 करोड़ रुपये हस्तांतरित हुआ।

■ जिले के 73,555 किसानों के खाते में कुल 15 .91 करोड़ रुपये हस्तांतरित

जिले में कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार में पीएम किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग, जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि भारत सरकार किसानों को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करा रही हैं। कार्यक्रम में जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत द्वारा इस प्रक्षेत्र में चल रहे विभिन्न कृषि संबंधी गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने किसानों से अपील की कि वे शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाएं तथा लखपति दीदी योजना और पीएम किसान योजना में अभी तक वंचित किसानों का शीघ्र पंजीयन कराएं।



कृषि केंद्र डूमरबहार सीधा प्रसारण देखने पहुंचे किसान।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य

छोटे एवं सीमांत किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई आदि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना। प्रतिवर्ष 6,000 की सहायता प्रदान कर खेती के खर्च में सहायता करना। किसानों पर ऋण भार को कम करना। समय पर इनपुट सामग्री मिलने से उपज की मात्रा और गुणवत्ता बेहतर हो। किसानों की क्रय शक्ति बढ़ाकर ग्रामीण बाजारों में गतिविधि बढ़ाना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शसक्त बनाना। इस अवसर पर केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप कुजूर, इंजी.अनिता लकड़ा, डॉ. विवेक सांडिल्य, डॉ वीर सिंह, लेपाराम, मनोज नारंगे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पत्थलगांव राकेश पैंकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पत्थलगांव जीवन एक्का, मारकुष एक्का, डीके गुप्ता, उद्यान अधीक्षक, उचित पैंकरा, श्रीमती लीली तारा किंडों, रेनु सहभागिता कुजूर, श्याम सुंदर चौहान, सतीश यादव, प्रगति शील कृषक मोती बंजारा सहित 228 कृषक उपस्थित रहे।

### कृषकों को मिल रहा निरंतर लाभ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आज देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20वीं किस्त का वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय शुभारंभ हुआ, जिसका प्रभाव जिला जशपुर के कृषकों में भी उत्साह देखने को मिला। जशपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी कृषक धीरजन राम को योजना प्रारंभ होने से लेकर अब तक प्रत्येक किस्त प्राप्त हो रही है। शनिवार को उन्हें 20वीं किश्त भी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना उनके जैसे छोटे किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। खेती-किसानी के मौसम में बीज, खाद, दवाई, सिंचाई और मजदूरी जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने में यह राशि अत्यंत सहायक होती है। उन्होंने कहा कि "इस योजना से साल में 6000 रूपए मिलते हैं, जो हम जैसे ग्रामीण कृषकों के लिए बहुत मायने रखते हैं। अब हमें खेती के लिए इधर-उधर उधार नहीं मांगना पड़ता।"



# कलेक्टर ने पत्थलगांव के प्रभारी बीईओ को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

कलेक्टर रोहित व्यास ने पत्थलगांव के प्रभारी बीईओ विनोद कुमार पैकरा को हटाकर उनके मूल पद व्याख्याता के पद पर में भेजा दिया है। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता की पुष्टि की स्थिति में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए वेदानन्द आर्य, प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पत्थलगांव को आगामी आदेश पर्यन्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का कार्य सम्पादित किये जाने आदेशित किया गया है। विनोद कुमार पैंकरा को उनके मूल पदस्थापना जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में व्याख्याता के पद पर दायित्व निर्वहन हेतु आदेशित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

■ वेदानन्द आर्य को बीईओ का प्रभार

■ पैंकरा को मूल पद पर भेजा गया

### पैंकरा को मनोरा के बीईओ का प्रभार

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा को मनोरा बीईओ का प्रभार दिया है। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र के द्वारा सुदर्शन पैंकरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रशासनिक तौर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक कार्य के सुविधा के दृष्टिकोण से श्री पैंकरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आगामी आदेश पर्यन्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा का कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है। संजय कुमार पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोरा को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर में आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

■ संजय कुमार पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया

**सड़क निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा समझौता**

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के विभाग, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, आरईएस विभाग ,नगरीय निकाय सहित अधिकारियों और ठेकेदारों की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

■ जिसकी लापरवाही उन्हीं के ऊपर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने बताया कि जशपुर में विकास कार्यों के पूल पुलिया, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, स्टेडियम और अधोसंरचना के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई। उन कार्यों को गंभीरता से और समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि लगभग 1856 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति मिल गई है। और आगे भी विकास कार्यों के लिए स्वीकृत मिलती रहेगी। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की कलेक्टर ने कहा कि आम जनता को अच्छी सुविधाएं देना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं। अपने कार्य शैली में सुधार लाएं लोगों के जनहित के लिए कार्य करें गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कोई भी अधिकारी और ठेकेदार बच नहीं पाएंगे जिनकी गलती होगी उन पर कार्रवाई निश्चित है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी संबंधित विभाग के अधिकारीगण और कार्यपालन अभियंता और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में ठेकेदारों की समस्याओं का भी समाधान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की भी समीक्षा की और सड़क निर्माण कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

# तस्कर सक्रिय, प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से चल रहा रेत का अवैध कारोबार


**सीतापुर।** बारिश में रेत खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी क्षेत्र में रेत माफिया सक्रिय हैं। बारिश थमते ही रेत माफिया आसपास के नदी नालों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर रहे है। जिसे स्टॉक करते हुए रेत माफिया बारिश के दिनों में महंगे दामों पर बेचकर मोटी कमाई कर रहे है। कार्रवाई नही होने से रेत माफिया धड़ल्ले से रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं जबकि शासन को करोड़ो के राजस्व की हानि हो रही है जबकि नदी नालो का अस्तित्व संकट में है।

विदित हो कि बारिश के मौसम में नदी नालों से रेत खनन एवं परिवहन पर रोकथाम के लिए 10 जून से रोक लगा दी गई है ताकि रेत खनन एवं परिवहन से नदी नालों में एवं आसपास के क्षेत्रों में कटाव जल प्रदूषण वनस्पति एवं जलजीवों को कोई नुकसान न पहुंचे इसके बाद भी क्षेत्र में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है। बारिश थमते ही रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं जो आसपास के नदी नालों से अवैध रूप से रेत खनन एवं परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। रेत माफिया ट्रैक्टरों के जरिये नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर उसका स्टॉक कर रहे है ताकि बारिश के दिनों में रेत की किल्लत होने पर महंगे दामों पर रेत बेचकर मोटी कमाई किया जा सके। रेत का अवैध खनन एवं परिवहन खुलेआम होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है।धड़ल्ले से चल रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अधिकारी कार्यवाही करने के बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जिससे रेत माफिया के हौसले बुलंद है और वो बेखौफ होकर अपने मंसूबो को अंजाम दे रहे है।



### सोनतराई में जमा किया जा रहा है रेत का स्टॉक

बारिश थमते ही रेत माफियाओं द्वारा नदी नालों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन कर उसे ग्राम सोनतराई में डंप किया जा रहा है। विगत कई दिनों से ट्रैक्टर एवं मिनी ट्रक के माध्यम से अवैध रूप से रेत लाकर स्टॉक किया जा रहा है ताकि बारिश के दिनों में रेत की होने वाली किल्लत के दौरान महंगे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा सके। पिछली बार भी यहाँ मांड नदी एवं आसपास के नालों से अवैध खनन एवं परिवहन के जरिये भारी मात्रा में रेत डंप किया गया था। जिसे बारिश के दिनों में महंगे दामों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया गया था। इस बार फिर बारिश के थमते ही यहाँ रेत माफिया द्वारा अवैध रूप से खनन एवं परिवहन के जरिये रेत डंप किया जा रहा है।नेशनल हाईवे से सटे रेत के इस स्टॉक पर और दिनदहाड़े हो रहे अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की नजर न पड़ना हैरान करने वाला है।रेत माफिया पर अधिकारियों की इतनी मेहरबानी भी लोगों के समझ से परे है। शासन द्वारा रेत खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से हो रहे अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर अधिकारियों की चुप्पी ने कई सवाल उठ खड़े हुए हैं।



# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

लाइफ Style

# मृणाल



## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला



### ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यून: पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




### माइकल जैक्सन का यूज़ किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके $3,400- $4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा $8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



## साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर


**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



## पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



### तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

### बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक



सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

## धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

## अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा.

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।






### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

## खबर संक्षेप



### देवेन्द्र सिंह होंगे पुसौर के नए सीएमओ

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में सीएमओ के पद पर एसके दुबे दो बार पदस्थ हुए, जिसमें इनका पहले का कार्यकाल लगभग दो साल का रहा है और वर्तमान लगभग डेढ वर्ष तक अपनी सेवाएं देने के बाद ये सेवा निवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने साल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन बिताने की शुभकामनाएं दी। वहीं इसी कार्यक्रम के बीच ही किरोडीमल नगर पंचायत के सीएमओ देवेन्द्र सिंह ने पुसौर सीएमओ का पदभार ग्रहण किया। जानकारी के मुताबिक पुसौर में एसके दुबे का दो कार्यकाल लगभग साढे तीन साल का रहा इस बीच कहीं किसी प्रकार का किसी जनप्रतिनिधि अथवा आम जनता के साथ कोई शिकायत नहीं रही। नवपदस्थ सीएमओ सिंह ने नगर के पदाधिकारियों को मुखातिब होकर कहा कि परिषद सर्वोपरि होता है। जनभावनाओं का आदर करते हुए नगर हित में निर्णय लिए जाएंगे जिसमें निष्पक्षता और संतुलन अवश्य ही रहेगा।

### नपं लैलूंगा में मुक्तिधाम का होगा निर्माण

**लैलूंगा।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर नगर पंचायत लैलूंगा में मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए डीएफएफ फंड से 1 करोड़ 17 लाख 47 हज़ार 962 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्थानीय लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति लैलूंगा क्षेत्र की जनसुविधा एवं सामाजिक संरचना को और सुदृढ़ करेगी।

### बांसउरकुली में बच्चों को स्लेट और पेंसिल वितरित

**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में गरीब तथा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चों को निःशुल्क स्लेट और पेंसिल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई की आधारभूत सामग्री उपलब्ध कराना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने बच्चों को स्लेट एवं पेंसिल सौंपते हुए कहा कि यह सामग्री उन्हें प्राथमिक शिक्षा में मदद करेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। वितरण के पश्चात कई बच्चों ने बताया कि इससे उनकी पढ़ाई आसान होगी और वे अपनी सामग्री खुद संभाल सकेंगे। स्कूल के शिक्षक जितेन्द्र गिरि गोस्वामी ने कहा यह न केवल सामग्री प्रदान करने की पहल है बल्कि यह बच्चों की आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। शिक्षा हर बच्चे का हक है और यह कदम उस हक को सच करने की दिशा में है।

### खरसिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**खरसिया।** रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु विशेष पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। इस पहल के तहत ग्राम पंचायत जोबी में 500 और ग्राम पंचायत नावापारा पश्चिम के चारागाह में 480 पौधों का रोपण कर प्रधानमंत्री आवास वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, पंच, सरपंच, रविन्द्र गबेल, महेश साहू, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा भी पौधरोपण करते हुए आवास वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर समय पर आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों का उन्मुखीकरण किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधों के संरक्षण, देखभाल तथा वाटिका के महत्व के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत में खराब गुणवत्ता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

# आंबा केंद्रों में बिजली, खेल सामग्री व अन्य मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविरों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही शिविरों में पेयजल, टेंट और विद्युत जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, पंखाए खेल सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जर्जर एवं भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और सूची भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत कार्यों की खराब गुणवत्ता और अधूरे रंग रोगन की जानकारी मिलने पर सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदारों पर जांच उपरांत कार्रवाई की बात कही। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### मातृ वंदना योजना की प्रगति पर जताया संतोष

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान काम न कर पाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई करना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पहले बच्चे के जन्म पर महिला को दो किश्तों में कुल पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। वहीं दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त छह हजार रुपए का प्रावधान है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक सुनिश्चित किया जाए और शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास जल जमाव की स्थिति न बने

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास बारिश के दौरान जल जमाव की स्थिति न बनने देने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को जल जनित रोगों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी आँगनबाड़ी के आसपास जल जमाव की स्थिति हो तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए चल रहे हमर स्वस्थ लइका अभियान की भी जानकारी लेते हुए जिले में इसका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण ट्रैकर की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीडीपीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां बच्चों की उपस्थिति कम है वहां विशेष प्रयासों से उपस्थिति बढ़ाई जाए।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा आज, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 3 अगस्त को प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त को होने जा रही प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का समय प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि प्रवेश के दौरान उनकी जांच फ्रिस्किंग एवं सत्यापन कार्य किया जा सके।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10.30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद एंट्री नहीं होगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला कर्मी से फ्रिस्किंग जांच का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। रायगढ़ जिले में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिले से 6009 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिए जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में सिर्फ चप्पल पहनने के निर्देश हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस पेन कार्ड आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से ले कर परीक्षा केंद्र में जाए।

# 5 को चन्द्रपुर के श्याम मंदिर में झूलनोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



खाटू श्याम भजन संध्या, एक ऐसा अद्वितीय आध्यात्मिक आयोजन है जो न केवल भक्तों को संगीत और भक्ति की मधुर धुनों से सजीव करता है, बल्कि उनके दिलों में एक ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है, जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी और अर्थपूर्ण होती है। यह आयोजन केवल एक संगीत सभा नहीं है, बल्कि एक ऐसा पवित्र मंच है जहां भक्तों की भावनाएं सीधे बाबा श्याम के चरणों तक पहुंचती हैं। इस आयोजन के जरिए लाखों श्रद्धालु एक दूसरे से जुड़े होते हैं, और इसे भक्तिए प्रेम और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम माना जाता है।

आने वाली श्रावण पुत्रदा एकादशी 5 अगस्त को मां चंद्रहासिनी की पावन धरा चंद्रपुर के श्री श्याम मंदिर में श्याम सेवक संघ चंद्रपुर द्वारा ऐसा ही एक भव्य आयोजन श्याम झूलनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्री श्याम प्रभु का हरित श्रृंगार होगा पूजा अर्चना होगी और संध्या में 7 बजे से बाबा के भजन का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में बाबा को रिझाने एवं भक्तों की बात अपने भजनों के माध्यम से बाबा तक पहुंचाने प्रसिद्ध भजन गायक गौरव दत्त तिजारा से और प्रियांशु मित्तल रायपुर से आ रहे हैं। श्याम प्रभु की निशान यात्रा शाम 5 बजे गोपाल महाप्रभु मंदिर से शुरू होकर श्याम मंदिर तक जाएगी। सेवक संघ से मिली जानकारी के अनुसार भजन में आने वाले भक्तों के लिए रात्रि में श्याम रसोई का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों द्वारा बाबा की सेवा के रूप में प्रसाद और दरबार की सजावट के लिए तो कहीं से छप्पन भोग और बाबा के पान और श्रृंगार की सेवा मिली है जिसको श्याम सेवक संघ ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। बाबा को झूलाने के लिए झूले की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन को लेकर लोगो में खासा उत्साह है। श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट मंडल ने भी इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि युवाओ द्वारा सामने से आ कर बाबा की सेवा में भजन देने की ये सोच सराहनिय और प्रशंसनीय है। श्री श्याम सेवक संघ ने भी मंदिर ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए इस निवेदन को स्वीकार करने और इस आयोजन में मंदिर ट्रस्ट मंडल के अहम सहयोग भूमिका के लिए मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया है।

### शाउमावि कटाईपाली सी में पौधरोपण संपन्न

**रायगढ़।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता व पेड़ों के महत्ता व उपयोगिता को प्रतिपादित करते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम पर एवं द्रौपदी रामदास फाउंडेशन रायगढ़ के पर्यावरण संरक्षण महाअभियान के संयुक्त तत्वावधान में फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण महाअभियान का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के नर्सरी हेड श्रीराम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा यह अभियान सतत चलते रहता है और जहां पर भी ऐसा अवसर मिलता है हम सहयोग करते है, लेकिन आज का यह अभियान हमारे लिए अदभुत है। यहां पर माताएं बच्चे और शिक्षक शिक्षिकाये सभी पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आप सभी अपने विशेष अवसर पर पौधरोपण करें हम आपको पेड़ उपलब्ध कराएंगे।

# कलेक्टर ने बरमकेला में देखी मिर्च और पामऑयल की खेती



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को बरमकेला ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जामदलखा गांव में मिर्च और पामऑयल की संयुक्त खेती का निरीक्षण कर किसान श्रीमन भोई से सीधा संवाद किया। उन्होंने महुआ पेड़ के नीचे क्षेत्र के किसानों के साथ चर्चा कर परंपरागत धान फसल के स्थान पर जैविक खेती और लाभकारी नकदी फसलों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया। किसान ने 5 एकड में खेती की है। उसे इस खेती के लिए अब तक 32 हजार का लाभ मिल चुका है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर मिर्च की खेती की स्थिति का जायजा लिया और किसानों से उत्पादन, बाजार मूल्य, कौन से बाजार में बिक्री और लागत से संबंधित जानकारी प्राप्त की और इसे संभावनाओं से भरी खेती बताया। कलेक्टर कन्नौजे ने मौके पर उपस्थित किसानों को बताया कि जलवायु और मिट्टी की स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में फसल विविधीकरण की भरपूर संभावनाएं हैं। जैविक खेती और फसल बदलाव से न केवल आय में वृद्धि हो सकती है, बल्कि भूमि की गुणवत्ता भी बनी रहती है। सरकार धान के बदले अन्य दहलन तिलहन की फसल लेने पर अनुदान दे रहा है उसका भी लाभ सभी किसान उठाएं। इससे भूमि की उपजाऊ भी बना रहेगा और अनुदान की राशि भी खेती में सहायक होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रशिक्षण और संसाधन हमेशा उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह दौरा क्षेत्र में कृषि के नवाचार और सुधार की दिशा में एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# अभिनव स्कूल में मनाया गया संबलपुरी डे



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचा रायगढ़ जिला ओड़िशा राज्य में शामिल रहा और वह संबलपुर जिला अंतर्गत आता था इस आशय से इस क्षेत्र में आज भी लोग ओडिया बोलने-लिखने के साथ ही इसकी संस्कृति को निभाते हुए आ रहे हैं।

इसमें खासकर खानपान और कपड़े भी होते हैं जिसे क्षेत्र के लोग बड़े ही शौक से अंगीकार करते हैं। छत्तीसगढ़ के बोरे बासी दिवस और ओडिशा के पखाल दिवस इस बात का द्योतक है कि दोनों प्रदेश की खानपान में भी विशेष अंतर नहीं हैं। इसमें ओडिशा संबलपुर के संबलपुरी कपड़े, साड़ी, गमछा, धोती, सूट आदि देश के कई प्रदेशों में काफी लोकप्रिय है और लोग बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ उपयोग में लाते रहे हैं। इसलिए पश्चिम ओड़िशा क्षेत्र में 1 अगस्त को मनाए जाने वाले उक्त संबलपुरी दिवस को अपने छात्रों के साथ पारंपरिक रिति रिवाज अनुसार मनाया गया। जिसमें प्रथमपाली के प्रायः सभी छात्र एवं स्टाफ संबलपुरी वस्त्र पहने मिले और संबलपुरी लोक गीत और नृत्य आदि के साथ उक्त संबलपुरी दिवस को गौरवपूर्ण ढंग से पालन किया गया।

# चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अशोक



**खरसिया।** छत्तीसगढ़ चेम्बर एंड कामर्स इंडस्ट्रीज द्वारा वर्ष 2025-2028 के लिए प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। चेंबर की प्रदेश कार्यसमिति में नगर के जुझारू एवं व्यापारियों के हितों के साथ हमेशा उनके कंधे से कंधा मिलाने वाले कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष बने हैं।

श्री अग्रवाल के प्रदेश चेंबर उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता, छाया विधायक महेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, चेंबर पदाधिकारियों, नगरवासियों सहित व्यापारियों ने अपनी बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि खरसिया नगर के प्रतिष्ठ फर्म दीपक टेडर्स के संचालक एवं कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक कुमार अग्रवाल एवं नगर के अन्य 25 व्यापारियों द्वारा चेंबर का कार्य प्रारंभ किया गया था। जो आज एक वटवृक्ष बन चुका है। आज चेंबर में 189 सदस्य है। नगर में चेंबर को नाम व पहचान दिलाने में अशोक अग्रवाल की महती भूमिका रही इसे कोई नकार नहीं सकता। इसके पश्चात चेंबर द्वारा अशोक अग्रवाल को खरसिया नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया जिसे वे लगातार संभालते हुए आ रहे थे। किंतु इसी बीच चेंबर स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें नगर के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही थी तब चेंबर आफ कामर्स खरसिया नगर के अध्यक्ष होने के नाते अशोक अग्रवाल ने इस कार्यवाही का विरोध किया एवं स्थानीय प्रशासन से कोई बीच का रास्ता निकालने का काफी प्रयास किया किंतु इस प्रयास में सफल नहीं हो पाने पर अशोक अग्रवाल ने नगर के व्यापारियों के हित में कार्य कर पाने में अपने आपको असमर्थ महसूस करते हुए दुखी मन से अपना इस्तीफा सौंप दिया किंतु उन्होंने चेंबर आफ कामर्स का साथ नहीं छोड़ा और एक सामान्य सदस्य होने के नाते इन्होने नगर के व्यापारियों के मांगो को लेकर हमेशा मुखर रहे।

# तंबाकू नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने पर हुई चालानी कार्रवाई



**कटेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार डॉ एफ आर निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से कोटपा अधिनियम 2003 के तहत सख्त कार्रवाई की गई। धारा 4, धारा 6, और 6 बी के तहत 49 चालान काट कर चालान राशि 8750 जमा किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ ब्लॉक में 15 चालान काट कर 2400 रूपए जमा किए गए।

जिले में सभी ब्लॉक में प्रवर्तन दल के द्वारा जिले के विभिन्न पान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्रवाई की गई। धूम्रपान निषेध के लिए कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उलंघन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय. विक्रय सहित उपभोग करने पर कार्रवाई किया गया।

स्व सहायता समूहों की महिलाओं को मिल रही नई पहचान

# जैविक कृषि लखपति दीदी बन रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




एक समय था जब गांव की महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन अब वे जैविक कृषि, पशुपालन और माइक्रो उद्यमिता के जरिए लखपति दीदी बनकर नई मिसाल कायम कर रही हैं। यह बदलाव संभव हो पाया है छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान और एनआरएलएम के सतत प्रयासों से जिसके अंतर्गत रायगढ़ जिले की 1 लाख 45 हजार 49 महिलाएं 13 हजार 500 स्व सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं।

स्व सहायता समूहों की महिलाएं अब गांवों में वित्तीय, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बन रही हैं। समूहों द्वारा न केवल नियमित बचत और ऋण लेन देन किया जा रहा है, बल्कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर शासन की योजनाओं का भी लाभ उठाया जा रहा है। रायगढ़ जिले के जनपद पुसौर खरसिया और धरमजयगढ़ के 40-40 कृषि मित्र और पशु सखी चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण देकर जैविक खेती और पशु पालन के क्षेत्र में कार्यरत किया गया है। कृषि मित्र समूहों को जैविक खाद और जैविक दवा बनाने का प्रशिक्षण देती हैं और स्वयं खेतों में उसका उपयोग कर स्थायी कृषि को बढ़ावा दे रही हैं। इससे उनकी आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और वे लखपति दीदी के रूप में पहचान बना रही हैं।

### समूहों को उपलब्ध कराया जा रहा लोन

वित्तीय सशक्तिकरण की नई उड़ान वर्ष 2025-26 में अब तक जिले के 1,045 समूहों को 28 करोड़ 37 लाख रुपये की बैंक क्रेडिट लिंकिंग के माध्यम से आजीविका गतिविधियों हेतु वित्त पोषित किया गया है। माइक्रो क्रेडिट योजना के तहत समूहों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय डोज के रूप में ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिलाएं इस राशि का प्रयोग कर कृषि, पशुपालन, मुर्गीपालन, लघु उद्योग, मत्स्य पालन, और अन्य कार्यों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।



### जिले में 770.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 अगस्त तक 770.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 4.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 865.4 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 813.7, तमनार में 551.6, लैलूंगा में 700.3, मुकडेगा में 957.9, धरमजयगढ़ में 685.9,8 छाल में 702.5 एवं कापू में 919.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

